Day & Date	Part	Subject Name	Time	Code	Marks
Monday 07/05/2018	I (Fresh / Repeater)	Hindi – Madhyakalin Kavya	11.00 AM To 02.00 PM	103003	100

Instructions: All questions are compulsory.

प्र.1 किन्ही दो की संसदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

अ) राजा–रंक–फकीर बादसा, सबसे कहौं पुकारा।
जो तुम चाहो परम पद को, बसि हो देस हमारा।।
जो तुम आये झीने झोके, तजो मन की भारा।
धरन–अकास–गगन कहु नाहीं, नहीं चन्द्र नहीं तारा।।
सत्त–धर्म की हैं महताबें, साहेब के दरबारा।

अथवा

हम भक्तिन के, भक्त हमारे।
सुनि अर्जुन परतिज्ञा मेरी, यह ब्रत टरत न टारे।
भक्तिन काज लाज जिय धरि के, पाइ पियादे धाऊँ।
जहँ–जहँ भीर परै भक्तिन कौं, तहँ–तहँ जाइ छुडाऊ।
जो भक्तनि सौं बैर करत है, सौ बैरी निज मेरौ।

ब) मुख सुखहिं लोचन स्त्रवहिं सोकु न ह्रदय समाइ।
मनहुँ करून रस कटकई, उतरी अवध बजाइ।

अथवा

जोगु–जुगुति सिखए सबै, मनहुँ महामुनि मैन।
चाहत पिय अद्वैतता, काननु सेवत नैन।।

प्र.2 कबीर काव्य में चित्रित दर्शन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **20**

अथवा

सुरदास की भक्ति–भावना पर प्रकाश डालिए।

प्र.3 'तुलसीकाव्य में तत्कालिन समाज का सुन्दर निदर्शन हुआ है'–कथन की समीक्षा कीजिए। **20**

अथवा

'बिहारी ने श्रृंगार का कोना–कोना झॉका है।' उक्ति का विवेचन कीजिए।

प्र.4 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **20**

अ. 'कबीर काव्य की प्रासंगिकता सोदाहरण समझाइए।

ब. 'सुरकाव्य में चित्रित वात्सल्य भाव का आकलन कीजिए।

क. बिहारी काव्य के भाषागत सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

प्र.5 अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **10**

1. कबारने ईश्वर को कहॉ ढूँढने के लिए कहा है?
2. कबीर ने हंसा से कौन–सी बात करने के लिए कहा है?
3. सुरति एवं निरंति से क्या तात्पर्य है?
4. हठयोग से क्या अभिप्राय है?
5. 'ज्यौं गुंगे मीठे फल कौ रस अंतरगत ही भौवे' का भाव बताइए।
6. सुरदास के अनुसार भजन में व्यवधान कब होता है?
7. अयोध्याकांड को किन दो भागों में बॉटा जा सकता है?
8. तुलसीदास की भक्ति की कोई एक विशेषता बताइए।
9. 'नहिं पराग नहिं मधुर मधु' का प्रसंग बताइए।
10. 'कागद पर न लिखत बनत संदेश लजात' का मूल भाव बताइए।

ब) जोडे मिलाइए। **04**

1. नैहर से जियरा फाट रे	1. तुलसीदास
2. अपुनपौ आपुन ही बिसरयौ	2. कबीरदास
3. मोहन–मूरति स्याम की	3. सुरदास
4. पद पखारी जलु पानकरि	4. बिहारी

क) सही विकल्प चुनिए। **06**

1. 'अयोध्याकांड' रामचरित मानस का सोपान है––
   अ. चतुर्थ ब. द्वितिय
   क. पंचम ड. प्रथम

2. दशरथ ने किसके दिए गए वचन की पूर्ति के लिए राम को वनवास दिया––
   अ. मंथरा ब. कौशल्या
   क. सुमित्रा ड. कैकेयी

3. 'बिहारी रत्नाकर' में कितने दोहे संकलित हैं––
   अ. 713 ब. 719
   क. 721 ड. 723

4. बिहारी किससे भव–बाधा हरने के लिए कहते हैं––
   अ. राधा ब. कृष्ण
   क. राधा नागरि ड. राधा–कृष्ण

5. सुरदास के गुरू का नाम था––
   अ. वल्लभाचार्य ब. शंकराचार्य
   क. मध्वाचार्य ड. यामुनाचार्य

6. 'नाहीं धर्मी नाहीं अधर्मी' के सचनाकार है––
   अ. सुरदास ब. कबीरदास
   क. मीराबाई ड. तुलसीदास